हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

23 अगस्त 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार:</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से निरंतर प्रयत्नशील रहने और अंतरिक्ष क्षेत्र का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने की अपील की।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा नांगल चौधरी क्षेत्र आने वाले समय में देश की एक बड़ी आर्थिक राजधानी बनेगा।

3. मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी के बावल हलके में मेघवाल उत्थान समिति के कार्यक्रम में 411 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

4. हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार के गांव खरड़ अलीपुर में बहुउद्देश्यीय कुश्ती हॉल परियोजना की आधारशिला रखी।

5. सरकार ने पी जी आई रोहतक समेत हरियाणा के सभी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की नियमित भर्ती को मंजूरी दी।

---------------------------------------------------------------------------------------------
-------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स ने सरकार में अपना विश्वास व्यक्त किया है।

श्री मोदी ने उनसे निरंतर प्रयत्नशील रहने और अंतरिक्ष क्षेत्र का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने की अपील की।प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा अनुकूल माहौल बनाया जाना चाहिए जिससे दुनिया भर के लोग अंतरिक्ष क्षेत्र में अपना करियर तलाशने और भविष्य बनाने के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में देखें।

श्री मोदी ने कहा कि लागत के मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है और देश में कुशल प्रतिभाओं के साथ जोखिम उठाने की मजबूत क्षमता भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये खूबियां भारत को वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने की क्षमता प्रदान करती हैं।

बातचीत में, देश की पहली स्पेस-टेक यूनिकॉर्न कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवन कुमार चांदना ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। श्री चांदना ने बताया कि उनकी कंपनी ने तीन कारखाने स्थापित किए हैं और कंपनी के पास फिलहाल हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता है।

इस वर्ष 18 जुलाई को श्री चांदना की कंपनी ने भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया था।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नांगल चौधरी क्षेत्र में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के रेल संपर्क समारोह का शुभारंभ किया।

संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समूचा क्षेत्र आने वाले समय में देश की एक बड़ी आर्थिक राजधानी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से इस परियोजना की मजबूत नींव रखी गई थी, जो आज साकार रूप ले रही है।

उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के कई बड़े निवेशक इस परियोजना में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे।

---------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि समरसता का वास्तविक अर्थ अपनी पहचान को मिटाना नहीं, बल्कि प्रत्येक पहचान का समान सम्मान करते हुए समाज और राष्ट्र की एकता को और मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री आज रेवाड़ी जिले के बावल हलके में मेघवाल उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित समस्त अनुसूचित जाति के समरसता सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 411 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि समरसता, आपसी सद्भाव और सामाजिक एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र से प्रेरणा लेकर हरियाणा सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि

विकास की योजनाओं और उनके लाभों की पहुंच सबसे पहले उस व्यक्ति तक सुनिश्चित की जाए, जो समाज की पंक्ति में सबसे पीछे खड़ा है।

--------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार के गांव खरड़ अलीपुर में बहुउद्देश्यीय कुश्ती हॉल खेल परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना पर करीब 5 करोड़ 32 लाख रुपये की  लागत आएगी।

श्री  रणबीर गंगवा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। कुश्ती हॉल बनने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास एवं खेल सुविधाएं मिलेंगी। इस परियोजना के तहत हॉल, कार्यालय क्षेत्र, खिलाड़ियों के लिए शौचालय,भंडार कक्ष , कर्मचारियों एवं आमजन के लिए पार्किंग स्थलों तथा चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा।

------------------------------------------------------------------------------------------------
----------

रोहतक स्थित पीजीआईएमएस समेत प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की नियमित भर्ती को प्रदेश सरकार की मंजूरी मिल गई है। रोहतक की पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसिज को डॉक्टरों की ग्रुप ए व ग्रुप बी की भर्ती का जिम्मा दिया गया है। विश्वविद्यालय ने प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निदेशकों को पत्र लिखकर स्वीकृत पदों की सूची मांगी है। इस बारे में कल विश्वविद्यालय परिसर में बैठक  भी होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति  डा. एचके अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 18 अगस्त को पत्र जारी कर ग्रुप ए व ग्रुप बी भर्ती की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पीजीआईएमएस में ही करीब 350 नियमित डॉक्टरों के पद खाली हैं। डा. अग्रवाल ने बताया कि नियमित भर्ती होने के बाद मरीजों की बेहतर देखरेख होगी और विद्यार्थियों को बेहतर चिकित्सा शिक्षा मिलेगी।

------------------------------------------------------------------------------------------------
-------------

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के प्रकाश विहार के वार्ड  22 एवं वार्ड 18 में 1 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि दोनों वार्ड में सडक़ एवं नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया गया है। वहीं शिव विहार में बघेल चौपाल का निर्माण किया जाएगा। इन

विकास कार्यों के पूरा होने से संबंधित वार्डों के लोगों को बेहतर सडक़ एवं जल निकासी की सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भी सुविधा होगी।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल शहर के विकास को गति प्रदान की जा रही है। पलवल में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। लाइनपार क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत सडक़ों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद में 'जनसंवाद हेल्पलाइन' का शुभारंभ किया। इस हेल्पलाइन का नंबर 77800 77100 है।

श्री गोयल ने कहा कि इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि नागरिक हेल्पलाइन पर कॉल कर अपनी समस्या दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए वार्ड नंबर और मकान नंबर बताना होगा। शिकायत दर्ज होने के बाद व्हाट्सऐप पर टोकन नंबर भेजा जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायत की प्रगति और कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। हेल्पलाइन के जरिए बिजली, सड़क, पानी, जलभराव, सफाई सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी दर्ज कराई जा सकेंगी। विकास संबंधी सुझाव भी साझा किए जा सकेंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------